nt>

Title: Requests the Government to direct the State Government of Uttar Pradesh for early completion of bridge at Barabanki Janpad in Uttar Pradesh.

श्री बैजनाथ रावत (बाराबंकी) : उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद के ब्लाक बनीकोडर में एक राली नाला है। वहां वर्ष भर पानी भरा रहता है। वहां के लोगों के लिए आवागमन का कोई रास्ता नहीं है। गम्भीर रूप से बीमार और गर्भवती महिलाएं अस्पताल पहुंचते दम तोड़ देती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए १९९१ में भरमेऊघाट पर पुल के निर्माण के लिए काम शुरु हुआ था। वह धन के अभाव के कारण १९९१ से आज तक अधूरा पड़ा है। उसके दोनों तरफ लगभग आधा काम हो चुका है। पक्की सड़क बन चुकी है । आपसे अनुरोध है कि आप उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दें कि वह इस पुल का निर्माण शीघ्र करवाए, बीस हजार लोग लाभान्वित होंगे ।